मलेशिया का रबर निर्यात ज्यादा



कुआलालंपुर ◆ मलेशिया के नेचुरल रबर निर्यात में इस वर्ष 10 प्रतिशत तक की वृद्धि होने की संभावना है। मलेशिया की अधिकारिक समाचार सेवा बरनामा ने मलेशिया के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और उद्योग मंत्री मुस्तफा मोहम्मद के हवाले से खबर दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में तेजी से हो रहे सुधार के कारण देश के रबर निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। मलेशिया ने पिछले वर्ष 160 अरब रिंगिट मूल्य की नेचुरल रबर का निर्यात किया था। वैश्विक स्तर पर आर्थिक सुधार के कारण नेचुरल रबर की खपत में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। मांग में तेजी से इसके दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं।